जयंती | अनुयायियों ने डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर के बताएँ मार्गों पर चलने के संकल्प को दौहराया

# नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में बड़े ही धूमधाम से मनाई डॉ . बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती






नवभारत न्यूज

**पांढुरना,14 अप्रैल. संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की 133 वी जयंती पूरे विश्व के साथ पांढुरना तथा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में बड़े ही धूमधाम तथा भक्तिभाव के साथ मनाई गई.**

जगह-जगह विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बडी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे, जिन्होंने डां.बाबा साहेब आंबेडकर के बताएँ मार्ग पर चलने के संकल्प को दौहराया ।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डां.बाबा साहेब आंबेडकर जंयती भारत देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व सहित पांढुरना तथा क्षेत्र के सभी ग्रामीण अंचलों के ग्रामों में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई,नगर के हृद्य स्थल तीन शेर चौक के पास स्थित डां.बाबा साहेब आंबेड?र की भव्य प्रतिमा के समक्ष सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में अनुयायी एकत्रित होने लगे,जहां बौध्द वंदना के साथ पंचशील ध्वजारोहण होने के बाद विशाल रैली निकाली गई जो नगर के नगर पालिका,राजीव गांधी मार्केट, जय स्तंभ चौक, गुजरी बाजार,हनुमंती वार्ड के बाद महावीर वार्ड के नालंदा बौध्द विहारी पहुची जहां सभी ने बौध्द वदंना कर डां.बाबा साहेब आंबेड?र का जय जय कार किया गया,रैली फिर समता कॉलेज,लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाऊस, पंचशील चौक, अंबिका चौक होते हुए वापस तीन शेर चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंची रैली के दौरान समाज के अनुयायियों का उत्साह देखते ही बन रहा था, सैकड़ों की संख्या में लोक उपस्थित थे, जिसमें बच्चे, युवा, वृद्ध बडी संख्या में शामिल थे,रैली के दौरान जगह-जगह शितल जल,शरबत, नाश्ते की व्यवस्था कि गई थी, रैली में उपस्थित अनुयायियों पर जगह-जगह पुष्प वर्षो की गई थी ।रैली तीन शेर चौक पर पहुंचने के बाद यहा आमसभा में परिवर्तित हुई,जहां मध्य प्रदेश स्टेट प्रसिडेंट नेशनल एंड इंटरनेशनल बुध्दीस्ट सोसायटी के डां.मोहन पुसे की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ,जहां डॉ. एड. प्रो. रमेश राठौड़ आंबेडकरी विचारवंत नागपुर,डां. अशोकानंद देशभ्रतार नागपुर, एड. मनोज रंगारे,सहित नगर तथा क्षेत्र के आंबेडकर अनुयायियों द्वारा डां.बाबा साहेब आंबेडकर की जीवनी पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए । इसी तरह क्षेत्र के ग्राम तिगांव, मारूड, सिवनी, बनगांव, वाडेगांव, सिराठा, नांदनवाड़ी, टेमनी, सिवनी, मोरडोंगरी, राजना, बड़चिचोली, बोथियाँ, करवार, पारडी, दाडीमेटा, अंबाडा, भूली, हिवरा आदि सभी ग्रामो में भी डां.बाबा साहेब आंबेडकर की जयती बडी ही हर्षोउल्लास तथा धुमधाम के साथ मनाई गई ।

# कांग्रेस ने बाबा की बेटी को किया छलने का काम : बांगरे




नवभारत न्यूज

**सौंसर, 14 अप्रैल. आज पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे ने कांग्रेस के पदों से इस्तीफा देने के बाद में सौसर में डॉ बाबासाहेब आ बेडकर के आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।**

सुश्री बांगरे ने डॉ आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये जय भीन के गगनभेदी नारे लगाये। डिप्टी कलेक्टर सुश्री बांगरे ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा दलितों को छलने का काम किया है। मैं बाबासाहब आम्बेडकर की सिपाही और एक महिला होने के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुझे नौकरी छोड़ने को मजबूर किया। ना ही विधानसभा का टिकट दिया और ना ही लोकसभा का। कांग्रेस हमेशा दलितों का शोषण किया है। उनका उपयोग बोटों की राजनीति के लिये किया है। कांग्रेस ने जो अन्याय बाबासाहब के साथ किया वही अन्याय बाबा की बेटी के साथ कर रही रही है। सुश्री बांगरे ने कहा कि मैं यहा एक माहौल बनाने के लिये आई हुं कि इनके झूठे वादे और इनकी आप कार्यशैली देख लिये जी कि, वे किस तरह महिलाओं के साथ अन्याय करती है और महिलाओं के प्रति उनकी क्या नियत है। सुश्री बांगरे ने कहा कि, काग्रेस ने इसके पूर्व सी कई लोगों का भविष्य खजूर किया है। मैं कांग्रेस की इरतरह की तानाशाही के खिलाफ इमेशा खड़ी रहूंगा। साथ ही बाबासाहेब के विचारों को आगे बढ़ाते रहूंगी। सुश्री बागरे ने कहा कि वर्तमान में में किसी राजनैतिक बल से जुड़ी नहीं हूँ। मैंने सरकार तरकार में नौकरी में वापसी के लिये आवेदन किया है। मैंने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत छिदवाड़ा से ही की थी इसलिये में आज आपके बीच कांग्रेस की हकीकत बताने आई हूँ। यही बाबासाहब की बेटी को थोखा देने वाले पूर्व मुख्यमुत्री कमलनाथ के पूर्व को घर बिठाने के लिये आई हूँ। आप सच्चाई का साथ दे जो आपको बीच हमेशा उपलब्ध हो ऐसे व्यशित को प्रतिनिधित्व दें। इसके पश्चात सुश्री बाग ने लोधीखंडा पहुंचकर लोगों को आपबीती बताई.

## एक नजर में




### ज्योतिबा फुले,डॉ आ बेडकर जंयती पर छात्रो ने उनके पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लिया

**सौसर.** शहर के शासकीय कन्या उमा विद्यालय में क्रांतीसूर्य ज्योतिबा फुले एवं संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आ बेडकर की जंयती मनाई गई. जहा शिक्षकों द्वारा दोनो महापुरूषो द्वारा समाज सुधारना के क्षेत्र में किये गये अभूतपूर्व कार्यो की सराहना करते हुये उसका अंगीकर करने का संकल्प लिया.अवसर पर शिक्षिका श्रीमती निरू गुरू, शशिकला नागले, सूर्यकीर्ति काले,राजरत्न बागडे,कीर्तिसागर बागडे, बाजीराव धुर्वे,प्रमोद नागदवने, जय सिह धुर्वे, रवि डेहरिया,सुशीला अंगारे, धीरज गाडगे,रामा धुर्वे आदि उपस्थित थे.




### महापुरूषो की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**सौसर.** राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले, छत्रपति शिवाजी महाराज एवं डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर के जंयती समारोह के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का विषय विविधता में समानता रखा गया था. जिसमें कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. जानकारी देते हुयें महासंघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती रत्नमाला पिसे ने बताया कि, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षावार क्रमशः खुशबू कापसे, तन्मय सोनकुसरे, वैष्णवी गुप्ता,जेशिना रंगारे, कनिक्शा सिरसे, वैष्णवी हेडाऊ, रजीन कौसर, चेताली कडु, मेघना मैहत्रे, वेदिका दिक्षित, अक्षिती शुक्ला, आयुषी गुर्वे, श्रद्धा पाठे, हर्षिका कोल्हे, वैष्णवी हिंगाने, मिनाक्षी सिसोदिया, पलक विश्वकर्मा, प्रज्ञा ढोंडी, साक्षी वाघाले, अशमिरा शेख, यज्ञश्री कोष्ठा, हर्षिका बिंजवाड, नयन लोणारे, रेशमा कुकडे, निशा सोनकुसरे का समावेश है.

### मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर ,एसपी




**पांढुरना.** क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के मतदान केंद्रों का शनिवार को जिला कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षक औचक निरीक्षण करने पहुंचे,इस दौरान इन्होंने अधीकारी,कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पूरी सजगता से कार्य किया जा रहा है,स्वयं जिला कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए जा रहे है,इसी के तहत् शनिवार कलेक्टर अजय देव शर्मा तथा जिला पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार त्रिपाठी क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य नांदनवाडी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे इस दौरान इन्होंने मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं सहायक कर्मचारियों के साथ मतदाता वोटर स्लिप वितरण कार्य की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए,इस दौरान इनके साथ जनपन पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ललित कुमार चौधरी भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# दो पहिया वाहन में छुपाकर ला रहा था 2 लाख 66 हजार की राशि

**बॉर्डर पर एसएसटी टीम ने जप्त कर की कार्यवाही**

नवभारत न्यूज

**पांढुरना, 14 अप्रैल. अंतर्राज्यीय बॉर्डर जाँच चौकी पर एसएसटी टीम द्वारा दो पहिया वाहन चालक के पास से 2 लाख 66 हजार की नगद राशि जप्त कर कार्यवाहीं कि गई। बॉर्डर की समस्त जाँच चौकियाँ से होकर गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों की सूक्ष्मता से कि जा रहीं जाँच से तस्करों तथा अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में हड़कंप व्याप्त है।**

गौरतलब हो कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में लोक सभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न कराने के मुख्य उद्देश्य से अंतर्राज्यीय सीमाओं पर अस्थाई जाँच चौकियों में एसएसटी टीमों की तैनाती कर विशेषकर अन्य प्रदेश से आने वाले प्रत्येक वाहनों की सुक्ष्मता से जाँच की जा रहीं है। जिससे यहां के चुनाव प्रभावित करने अत्यधिक धनराशि, शराब, अन्य मादक पदार्थ या अपराधी प्रवृत्ति के लोक यह न आ सके।




निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश के अंतिम सीमा पर स्थित पांढुरना जिले की तीनों और से लगी महाराष्ट्र सीमाओं पर अंतर्राज्यीय जाँच चौकिया बनाकर यहां तैनात एसएसटी टीम द्वारा इन जाँच चौकियों से होकर गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच की जा रही है ।

इसी अभियान के तहत रविवार को बड़चिचोली क्षेत्र के करवार ग्राम पर जो कि सीमावर्ती महाराष्ट्र के नरखेड आने-जाने का मुख्य मार्ग है,यहां की जाँच चौकी से होकर एक दो पहिया वाहन चालक को गुजरने के दौरान इसकी संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए इस दो पहिया वाहन की जांच करने पर इस वाहन क्रमांक एम एच 40 व्ही 1758 से एसएसटी टीम द्वारा 2 लाख 66 हजार रुपए की नगद धनराशि मिली वाहन चालक से इस धनराशि से संदर्भ में दस्तावेज मांगने पर युवक द्वारा कोई भी पुख्ता दस्तावेज नहीं देने पर यह सभी राशि जप्त की गई। यह कार्यवाही अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ब्रजेश भार्गव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय मरकाम, के नेतृत्व में बड़ चिचोली पुलिस चौकी प्रभारी पीएल उइके आरक्षक शिवपाल, आशिक, एसएसटी निगरानी प्रभारी एस.आर. झलके, राजकुमार चोपड़े सचिव, कोटवार महेंद्र गजभिए एवं फोटग्राफर जय वाडवे के द्वारा कि गई ।

# विविध आयोजन के साथ मनाई गई संविधान निर्माता डॉ बाबासाहब की जंयती

नवभारत न्यूज

**सौसर 14 अप्रैल. संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आ बेडकर की 133 वी जंयती शहर एंव ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्हास के साथ मनाई गई.डॉ आंबेडकर नवयुवक मंडल के अलावा विभिन्न संगठनों ने माल्यार्पण कर मोटर,कार रैली,फल वितरण,जय भीम रैली, भोजन वितरण जैसे आयोजन किए.**




बौद्ध विहार में सामुहिक बुद्ध वंदना,डॉ आ बेडकर चौक में प्रतिमा पर माल्यार्पण, जय भी सलामी दी गई. भारतीय बौद्ध महासभा जिलाध्यक्ष डॉ अशोक भगता समता सैनिक दल के बाबराव चारे, मुरलीधर कांबले, के डी शेडे,दिलीप बागडे, देवन्द्र बागडे, सुधीर गजभिये,मुकेश बागडे,आकाश सहारे, सुगत बागडे,सुनील बागडे, अलकेश गजभिये आदि वक्ताओं ने बाबासाहब की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला.सौसर पुलिस थाना में डॉ आ बेडकर की प्रतिमा भेट की गई.शाम को श्वेत वस्त्र धारण कर उपासक उपासिकाओं ने विशाल रैली निकालकर आतिशबाजी की.विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत एवं पेयजल,भोजन, आइसक्रीम,मिठाई,चाय का वितरण किया.अंत में भीम मित्रमंडल द्वारा भोजन वितरण किया। इसी क्रम में शहर के वार्ड 15 में सुजाता महिला मंडल द्वारा भी जंयती समारोह मनाया.अवसर पर भाबौम संभाग प्रभारी चंद्रभान बागडे,दिलीप बागडे, विजय नागदवने, मिलिंद बंसोड, कैलाश गजभिये आदि उपस्थित थे.

## राम ठाकरे को मीडिया संगठन के जिलाध्यक्ष पद् पर किया मनोनित




**संगठन के पदाधिकारी तथा सदस्य रहे उपस्थित**

नवभारत न्यूज

**पांढुरना,14 अप्रैल. मीडिया संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गया प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में बीते दिवस नगरीय सीमा से लगे एक होटल में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,जिसमें संगठन के पदाधिकारी तथा सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे, उन्होंने सर्वसम्मति से राम ठाकरे को मीडिया संगठन पांढुरना के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया.**

इस मनोनयन पर संगठन के सहपाठी साथियों ने उन्हें बधाइयां दी है। नगरीय सीमा से लगे एक होलट में शनिवार की शाम को मीडिया संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गयाप्रसाद सोनी की अध्यक्षता में संगठन की हुई महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मिती से पांढुरना मीडिया संगठन का गठन करते हुए राम ठाकरे को जिला अध्यक्ष के पद पर मनेनित किया गया,इस अवसर पर पांढुरना तथा छिंदवाडा जिले के मीडियाँ संगठन के पदाधिकारी तथा सद्स्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।इस अवसर पर श्री ठाकरे द्वारा बताया कि शीघ्र ही वह मीडिया संगठन के पांढुरना जिला ईकाई का गठन करेंगे ।

## तेज रफ्तार मिनी यात्री ऑटो पलटा चार महिलाओं सहित ऑटो चालक भी हुआ घायल

**पांढुरना, 14 अप्रैल, नवभारत न्यूज.** नगर के रेल स्टेशन के पास एक मिनी ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से इसमें सवार यात्री घायल हो गए,जिन्हें जनसहयोग से शासकीय चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। नगर के शासकीय चिकित्सालय से मिली जानकारी अनुसार नगर के रेलवे स्टेशन यार्ड के रास्ते पर शनिवार दोपहर लगभग 12.30 बजे एक मिनी यात्री ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से इसमे सवार चार महिलाओं सहित ऑटो चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें नगर के शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है, घायलों में अनीता पति शांताराम वरठी 40 रामाकोना, हिरावंती इवनाती 42, सुशीला इवनाती 45, कमला धुर्वे तथा ऑटोल चालक अनिल मरसकोल्हे घायल हो गया।

कार्रवाई | लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष शांति पूर्वक कराये जाने हेतू अधिकारी तत्पर

# आई पी एल सटोरी सहित फरार वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

नव भारत न्यूज

**पांढुरना, 14 अप्रैल. आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष शांतिपूर्वक कराये जाने हेतू कलेक्टर अजय देव शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर अंतर्राज्यीय सीमा ( महाराष्ट्र राज्य ) से लगे हुए चेकिंग नाकों पर लगे चेकिंग दलों को जिला पांढुर्णा की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों को चेक कर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस बल को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के व्दारा चेकिंग के सख्त निर्देश दिये जा रहे है।**




13 अप्रैल को थाना लोधीखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत अंतर्राज्यीय नाका सतनूर स्स्ञ बैरियर परिवहन चेकिंग नाका पर चेकिंग के दौरान नागपुर की ओर से आ रहे वाहन कार क्र MH49BZ 0770 से SST निगरानी टीम व्दारा 2,00,000 रुपए जप्त किए गए। आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस व्दारा आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु निरतर प्रयास किये जा रहे है जिसके चलते लोधीखेडा मे आइपीएल सट्टे चला रहे आरोपी मोईन शेख पर कार्यवाही की गयी जिसमे सट्टा आरोपी से 15,000 का रियल मी मोबाइल जप्त किया गया, आइपीएल सट्टे से जुडे व्यक्तियो की तलास हेतु पुलिस व्दारा की जा रही है।

स्थाई वारटियो की धरपकड हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के निर्देशन मे गठित टीम के प्रयासो से थाना सौसंर के 25 साल पुराने एक स्थाई वारटी एन बाला सुब्रमण्यम जिसके थाना सौसर मे पिछले 25 सालो से चार स्थाई वारंट लंबित थे को मलाजखंड जिला बालाघाट से एवं एक स्थाई वारंटी आर.एस. पाठक को खापा सावनेर से पुलिस टीम व्दारा पकडा गया है उक्त स्थाई वारंटियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा के निर्देशन मे गठित टीम उनि हर्ष नागले , आर 364 अशोक हरसुले, आर 982 पुष्पेन्द्र, आर. दीपक अंदानी, आर 626 चंद्रकिशोर रघुवंशी, साइबर सेल आर अखिलेश हिंगवे व्दारा सराहनीय कार्य किया गया।

## आपतिजनक पोस्ट करने वाले पर अपराध दर्ज करने की मांग

**छिन्दवाड़ा.** भाजपा समर्थित व भाजपा से उपकृत लोग सांसद नकुलनाथ की छवि धुमिल करने के लिये सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कर रहे हैं। इसकी एक लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक को सौंपकर पोस्ट करने वाले पर अपराध कायम करने की मांग की है। कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता नितिन उपाध्याय ने आज सोशल मीडिया पर सांसद नकुलनाथ को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले चीकू पाल के खिलाफ शिकायत देकर अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है। शिकायत में नितिन उपाध्याय ने उल्लेख किया है कि चीकू पाल नामक व्यक्ति ने गत दिवस भ्रामक पोस्ट डालकर कांग्रेस के सासंद प्रत्याशी नकुलनाथ की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। उन्होंने उक्त व्यक्ति पर अपराध कायम कर पोस्ट हटवाने की मांग की है।

# रथयात्रा के दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब




नवभारत न्यूज

**सौंसर 14 अप्रैल. चैत्र नवरात्री पंचमी के पावण अवसर पर वनवेश्वरी देवी माता मंदीर से पुजा अर्चना के साथ भव्य रथ यात्रा का विभिन्न भजन मंडलियां गाजे बाजे, आतिशबाजी के साथ शाम को मंदीर प्रांगण से भ्रमण करते हूए नगर के मुख्य मार्ग से प्रस्थान कर आयोजन स्थल पर समापण हुआ.**

यात्रा नगर के बस स्टॅण्ड छोटा बड चौक, श्रीराम मंदीर बड चौक गल पेठ चौक, विठठल मंदीर चौक होकर आयोजन स्थली वनवेष्वरी माता मंदीर पहुंचकर समापण किया. रथयात्रा के दर्शन के लिए जगह जगह श्रद्वालुओ की भारी भीड़ उमड पड़ी. मातारानी के जयकारो से नगर का माहौल धर्ममय हो गया. सामाजिक संगठनो ने पेयजल प्रसादी, महाप्रसादी का वितरण किया. आयोजक समिती ने भजन मंडलीयो का श्रीफल दुप्पटा देकर समापण किया.